RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 310 | नागौर, 17 अक्टूबर, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## रुपया कमजोर नहीं, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा : निर्मला सीतारमन

नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को (16 अक्टूबर) डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होते रुपए पर अमेरिका में बयान दिया। निर्मला सीतारमण ने कहा कि रुपया कमजोर नहीं, बल्कि डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा है कि रुपए ने अन्य उभरती मार्केट करेंसी की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया ऑल टाइम लो पर

वित्त मंत्री का ये बयान ऐसे समय आया है, जब डॉलर के मुकाबले रुपया अपने ऑल टाइम लो पर बना हुआ है। शुक्रवार को रुपया 12 पैसे टूट कर 82.36 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### रुपए में लगातार गिरावट को लेकर सवाल

वित्त मंत्री इन दिनों इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड और वर्ल्ड बैंक की वार्षिक बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं। इसी बीच वॉशिंगटन डीसी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनसे रुपए में लगातार गिरावट को लेकर सवाल पूछा गया।

### निर्मला सीतारमण ने दिया यह जवाब

इस सवाल के जवाब में निर्मला सीतारमण ने कहा, सबसे पहले तो मैं इसे ऐसे नहीं देखती हूं कि रुपया गिर रहा है। मैं इसे देखती हूं कि डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है। इसलिए स्वाभाविक रूप से वे करेंसीज कमजोर होंगी, जिसकी तुलना में डॉलर मजबूत हो रहा है।

## पूनिया का गहलोत को लैटर, कहा- जन घोषणा-पत्र वादे से मुकरे

### लाखों संविदाकर्मी 4 साल में नहीं किए नियमित, 1 लाख रोजगार, 69 लाख बेरोजगार

जयपुर।



बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने कहा- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली प्रदेश कांग्रेस साल 2018 के कांग्रेस जन घोषणा पत्र के उस वादे से मुकर रही है, जिसमें संविदाकर्मियों को नियमित करने का वादा किया था। गहलोत सरकार लाखों संविदाकर्मियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। जिससे ना केवल संविदाकर्मी बल्कि इनसे जुड़े हुए लाखों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। पूनिया ने कहा- राजस्थान में लगभग 70 लाख अभ्यर्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाएं दीं, लेकिन लगभग 1 लाख युवाओं को ही प्रदेश सरकार 4 सालों में रोजगार दे सकी है। सरकार की कमजोर गवर्नेंस के कारण प्रदेश की 90 प्रतिशत से ज्यादा आबादी रोजगार से दूर होती जा रही है।

### संविदाकर्मियों को नियमित करने का वादा निभाएं

संविदाकर्मियों को नियमित करने की मांग को लेकर सतीश पूनियां ने ष्टरू अशोक गहलोत को लैटर लिखा है। जिसमें कहा- मैं सर्विस कर रहे संविदाकर्मियों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। जिनके लिए कांग्रेस के घोषणापत्र-2018 के पेज नंबर 15 के पैरा 3 और पेज नंबर 34 के पैरा 5 में लिखा है कि संविदाकर्मियों और पंचायत सहायकों आदि के अन्तर्गत काम कर रहे कर्मचारियों की समस्याओं का उचित समाधान कर नियमित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेलों का उद्घाटन

# आमजन के सहयोग से ग्रामीण ओलंपिक सफल : सीएम गहलोत





### ग्रामीण ओलंपिक से खेलों में रूझान के साथ बढ़ी सामाजिक समरसता

जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों से प्रदेश के ग्रामीण अंचल में छुपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य किया जा रहा है। इन खेलों को पूरे राजस्थान में भरपूर सराहना मिली है तथा ये अपने उद्देश्य में पूरी तरह सफल रहे हैं। आने वाले समय में ग्रामीण ओलंपिक खेल अन्तर्राष्टीय खेल आयोजनों में भारत के मेडलों की संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री रविवार को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण ओलंपिक में खिलाड़ियों ने जबरदस्त उत्साह के साथ भागीदारी निभाई है। प्रदेशभर से 30 लाख से अधिक खिलाड़ियों ने इन खेलों में भाग लिया। इनमें से 10 लाख से अधिक महिला खिलाड़ी भी थी। उन्होंने कहा कि इन खेलों से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को अच्छे मैदान, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्थान सरकार खिलाड़ियों के लिए पूरे प्रदेश में ध्यानचंद स्टेडियम का निर्माण कर रही है। खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु विभिन्न जिलों में खेल अकादमी खोली जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेलों के लिए सकारात्मक माहौल बनाने के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और सहयोग का वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से 29 अगस्त से राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों की शुरूआत की गई थी। इन खेलों में सभी आयु वर्ग तथा सामाजिक पृष्ठभूमि वाले खिलाड़ियों ने हार और जीत की भावना से ऊपर उठकर भाग लिया है। इससे समाज में खेलों के प्रति रूझाने के साथ-साथ सामाजिक समरसता भी बढ़ी है।

**अगले साल 26 जनवरी से आयोजित होंगे शहरी ओलंपिक खेल :** गहलोत ने कहा कि ग्रामीण ओलंपिक खेलों की तर्ज पर शहरी ओलंपिक खेल भी शुरू होने जा रहे है। अगले साल 26 जनवरी से शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण अंचल में ओलंपिक खेलों ने आमजन की उत्साहपूर्वक भागीदारी से बेमिसाल कामयाबी हासिल की है। खिलाड़ियों में शानदार जज्बा देखने को मिला है। खिलाड़ियों का ये उत्साह और जज्बा आने वाले समय में प्रदेश को खेलों में आगे लेकर जाएगा।

### 1 लाख विद्यार्थियों को मिलेंगे टैबलेट्स

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इसी क्रम में पूर्व कार्यकाल में प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए थे। इस योजना को पुन: शुरू करते हुए 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 93000 विद्यार्थियों को इस वर्ष स्मार्ट टैबलेट्स दिए जाएंगे। इनमें 3 साल की नि:शुल्क इंटरनेट कनेक्टीविटी भी होगी। इससे विद्यार्थी को पढ़ाई में सुगमता होगी तथा विभिन्न प्रकार की उपयोगी जानकारियां घर बैठे प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस कदम से विद्यार्थियों को आईटी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, ताकि आधुनिक दौर में हमारे युवा किसी से पीछे ना रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों में देवेन्द्र झांझड़िया, सुअवनी लेखरा, सुंदर सिंह गुर्जर, कृष्णा नागर, दीपक हुड्डा, मुकेश चौधरी, सुकविता सिहाग, अभिनव शर्मा, सुजान्हवी मेहरा, अनुज कुमार, सुवर्षा जाखड़, शुभम गौरा, सुनितिका बंसल, बलवंत सिंह, सुमित पूनियां और नीरज शामिल थे। इससे पूर्व गहलोत ने एसएमएस स्टेडियम के पेवेलियन में लगे ग्रामीण ओलंपिक खेलों के आयोजन को दर्शाते हस्तनिर्मित चित्रों का अवलोकन किया।


कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान के सभी जिलों से आयी टीमों के मार्च-पास्ट की सलामी भी ली। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों की मशाल को खिलाड़ियों को थमाकर खेलों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उनसे मिलकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर गहलोत ने नागौर और जालोर की टीमों के बीच आयोजित कबड्डी मैच सीटी बजाकर शुरू करवाया तथा मैच में रैफरी की भूमिका निभाई। इससे पूर्व गहलोत ने राज्य स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन किया।

# कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव आज

## खड़गे के 4, थरूर के 6 पोलिंग एजेंट्स

जयपुर।





कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की वोटिंग 17 अक्टूबर को है। चुनाव में राजस्थान के कुल 414 डेलीगेट वोट कास्ट करेंगे। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कुल 6 घंटे तक वोटिंग चलेगी। उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच मुकाबला है। दोनों ने राजस्थान में अपने पोलिंग एजेंट तय कर दिए हैं। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने खड़गे के लिए 4 पदाधिकारियों को पोलिंग एजेंट बनाया है। जबकि शशि थरूर के लिए 6 पोलिंग एजेंट रहेंगे। जो प्रोफेशनल कांग्रेस से हैं। पीसीसी में दो पोलिंग बूथ पर चुनाव होगा। खड़गे के लिए दोनों पर दो-दो टीमें अल्टरनेटिवली तैनात रहेंगी। शशि थरूर के पोलिंग एजेंट के तौर पर 3-3 टीमें रहेंगी। राजस्थान में प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर राजेंद्र कुम्पावत को बनाया गया है। जिनकी निगरानी में चुनाव होगा। उनके साथ 4 डिस्ट्रिक्ट रिटर्निंग ऑफिसर भी तैनात रहेंगे। ये सभी रिटर्निंग ऑफिसर राजस्थान के बाहर से हैं। देश के हर राज्य में 1 पीआरओ और 4 डीआरओ चुनाव का प्रोसेस पूरा करवाएंगे। एआईसीसी के सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री की देखरेख में सभी राज्यों में चुनाव होंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे के 4 पोलिंग एजेंट्स- नसीम अख्तर इंसाफ, रामसिंह कस्वां, ललित तूनवाल, मुमताज मसीह। शशि थरूर के लिए 6 चुनाव एजेंट- रामेश्वर विजय, अविनाश थानवी, डॉ दीपक चौधरी, आदित्यनाथ शर्मा, अमन जैन, अशोक कुमार सोनी । पीसीसी प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया 17 अक्टूबर को सुबह 10 से 4 बजे तक वोटिंग होगी। दो पोलिंग बूथ बनेंगे।

एक बूथ पर 200 और दूसरे बूथ पर 214 वोट डालने की व्यवस्था की जा रही है। राजस्थान के 414 डेलीगेट पीसीसी मेंबर वोट डालेंगे। बैलेट पेपर और बैलेट बॉक्स आज पीसीसी पहुंचेंगे। पीसीसी मेंबर्स को वोटिंग के लिए स्पेशल आईडी कार्ड पिछली बैठक के दौरान दिए गए हैं। जिनके रह गए। वो पीसीसी से कलेक्ट कर सकते हैं। आज सुबह जब वह मतदान के लिए आएंगे। तो सभी को अनिवार्य रूप से वोटिंग के आईडी कार्ड लेने होंगे। जिस पर बार कोडिंग की गई है। इसी वोटर आईडी कार्ड के आधार पर मतदान केंद्र और पोलिंग बूथ पर एंट्री दी जाएगी। पीसीसी की इस स्पेशल आईडी कार्ड के साथ पहचान के लिए सरकारी फोटो आईडी कार्ड भी साथ लाना होगा।

### चुनाव में ये 4 डीआरओ रहेंगे तैनात

- लोकेश जिंदल-महाराष्ट्र, नागपुर से हैं। जयपुर रूरल के डीआरओ रहे।
- शारिक अहमद-उत्तरप्रदेश से हैं। अलवर डीआरओ रहे।
- जयेंद्र-उत्तराखण्ड से हैं। पहले पीआरओ रहे।
- दिग्विजय सिंह-उत्तरप्रदेश से हैं। हरियाणा में डीआरओ रहे।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट लॉन्च कीं

नई दिल्ली।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट को लॉन्च किया। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया जाए। डीबीयू में साल में 365 दिन 24 घंटे बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। लॉन्चिंग के दौरान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य लोग भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े। इस मौके पर पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में हर एक लाख वयस्क आबादी पर जितनी बैंक शाखाएं मौजूद हैं, वो जर्मनी, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से भी ज्यादा है। हमने बैंकिग सेवाओं को दूर-सुदूर में, घर-घर तक पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। आज भारत के 99% से ज्यादा गांवों में पांच किमी के अंदर कोई न कोई बैंक ब्रांच, बैकिंग आउटलेट या बैंकिंग मित्र मौजूद है। इसमें 11 पब्लिक सेक्टर बैंक, 12 प्राइवेट सेक्टर बैंक और एक फाइनेंस बैंक भाग ले रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2022-23 के बजट भाषण में देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर देश के 75 जिलों में 75 डीबीयू स्थापित करने की घोषणा की थी। पीएमओ के अनुसार, डीबीयू छोटे आउटलेट होंगे जो लोगों को डिजिटल बैंकिग से जुड़ी कई तरह की सुविधाएं देंगे। इसमें बचत खाते खोलने, बैलेंस-चेक करना, फंड ट्रांसफर, पासबुक प्रिंट करना, निवेश, लोन एप्लिकेशन, जारी किए गए चेक के लिए पेमेंट रोकने के निर्देश, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के लिए आवेदन, टैक्स और बिल पेमेंट जैसी कई तरह की सुविधाएं शामिल हैं। पीएमओ के बयान में कहा गया है कि डीबीयू कस्टमर की बैंकिंग प्रोडक्ट और सर्विस तक पहुंच को आसान बनाएंगे। डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स फाइनेंशियल लिटरेसी को बढ़ाने में मदद करेंगे। इसके अलावा ये बैंकिंग के डिजिटल तौर-तरीकों को बढ़ावा देंगे और कस्टमर को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में भी मदद करेंगे।

**क्या होती हैं डिजिटल बैंकिंग यूनिट?**

कॉमर्शियल बैंक जो पहले से ही डिजिटल बैंकिंग कर रहे हों, अब डिजिटल बैंक यूनिट भी चला सकेंगे। यह बैंक फिजिकल होंगे, यानी इन यूनिट्स में आप जा सकेंगे पर इनकी सेवाएं पूरी तरह डिजिटल होंगी।

**ग्राहकों को इसका क्या फायदा होगा?**

डिजिटल बैंकिंग का लाभ अब तक करीब 20 करोड़ भारतीयों तक ही पहुंचा है। अभी भी करोड़ों नागरिक डिजिटल बैंकिंग सिस्टम से बाहर हैं। डीबीयू से वे भी डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का फायदा लें पाएंगे।

## सम्पादकीय

# बेबुनियाद हंगामा

अफसोस कि पिछले सप्ताह उन दकियानूसी लोगों की आधी जीत हुई, जो मुसलिम बच्चियों को गुमराह कर रहे हैं कि लड़ाई हिजाब और शिक्षा के बीच है। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया ने इस सोच के साथ सहमति जताते हुए कहा कि उनके लिए लड़कियों की शिक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है, इसलिए कर्नाटक की शिक्षण संस्थाओं में लगी हिजाब पर पाबंदी को वे गलत मानते हैं। ऐसा कहते हुए सर्वोच्च न्यायालय के इस जज ने कर्नाटक की उच्च अदालत का फैसला रद्द कर दिया। न्यायाधीश हेमंत गुप्ता उस पीठ पर बैठे अपने साथी से सहमत नहीं थे। अब इस मामले में अंतिम निर्णय मुख्य न्यायाधीश के पास पहुंच गया है। सच पूछिए तो मैंने इतनी गालियां खाई हैं हिजाब का सख्त विरोध करके कि मैं इस पर लिखना बंद कर देती, लेकिन ईरान में जिस बहादुरी से वहां की महिलाएं लड़ रही हैं हिजाब के खिलाफ, उसका जिक्र दुनिया में बहुत हो रहा है, लेकिन भारत में बहुत कम, इसलिए मैं अपना फर्ज मानती हूं अपनी आवाज उठाना। मासाह अमीनी नाम की बाईस साल की लड़की की मौत के बाद जो गुस्सा दिख रहा है ईरान के शहरों में और जिस तरह औरतें अपने हिजाब जला रही हैं सरेआम, उससे लगता है कि उस देश में एक नया इंकलाब शुरू हो चुका है।

भारत में इसका कम जिक्र इसलिए हो रहा है, क्योंकि एक तरफ हैं वे लोग, जो चुप हैं मुसलमानों की भावनाओं को ठेस न पहुंचाने की खातिर और दूसरी तरफ हैं वे लोग, जो मजा ले रहे हैं कि एक कट्टरपंथी इस्लामी मुल्क में इस्लामी परंपराओं के खिलाफ जंग छिड़ गई है। मुझे निजी तौर पर सबसे ज्यादा गालियां सुनने को मिली हैं दो किस्म के लोगों से। एक हैं, कुछ मुसलिम 'बुद्धिजीवी', जो जज साहब की तरह मानते हैं कि मुद्दा हिजाब का नहीं है, मुसलिम लड़कियों की शिक्षा का है। सो, अगर वे पर्दे में रह कर पढ़ना पसंद करती हैं तो उनका अधिकार है। दूसरा हमला मुझ पर हुआ है सोशल मीडिया पर और टीवी चर्चाओं में, उन वामपंथी लोगों द्वारा, जिनका अजीब रिश्ता है जिहादी इस्लाम से। इनका कहना है कि हिजाब की लड़ाई भारत में वही है, जो ईरान में लड़ी जा रही है। ईरान में महिलाएं न पहनने का अधिकार मांग रही हैं और भारत की मुसलिम महिलाएं हिजाब पहनने का हक मांग रही हैं। मेरी राय में ये दोनों दलीलें झूठी हैं। झगड़ा किताब और हिजाब के बीच हो ही नहीं सकता है, इसलिए कि जिन लड़कियों को पर्दे में रहना पसंद है वे घर में रह कर आनलाइन शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं, जैसे कोविड के दौर में सबको करना पड़ा था। जो कहती हैं कि उनकी इच्छा है अच्छे कालेज में पढ़ने की, तो उनको उस कालेज के नियम मानने पड़ेंगे। इनके पीछे जिहादी संस्थाओं का हाथ न होता तो यह हंगामा होता ही नहीं। साबित हो गया है अब कि जिन पांच-छह लड़कियों ने कर्नाटक में हिजाब की मुहिम शुरू की थी, उनका सीधा रिश्ता है पाप्युलर फ्रंट आफ इंडिया से। रही बात औरतों को अपना लिबास चुनने के अधिकार की, तो समझना मुश्किल है कि किस तरह इसको समर्थन मिल रहा है ऐसी महिलाओं से, जो अपने आप को तरक्कीपसंद और वामपंथी विचारधारा से जुड़ी हुई मानती हैं। क्या इनको दिखता नहीं है कि जब किसी छोटी बच्ची को सिखाया जाता है कि अल्लाह का हुक्म है कि उसको पर्दे में रहना है, तो अल्लाह की मर्जी की मुखालफत कैसे करेंगी। सच तो यह है कि यह सारा झगड़ा बेबुनियाद है। न मामला औरतों की शिक्षा का है और न औरतों की 'पसंद' का।

# प्रदूषण को लेकर समय पर न चेतने के दिख रहे हैं कई दुष्परिणाम

**प्रदूषण के चलते जो तमाम हानिकारक गैसें उत्सर्जित होती हैं, उनके कारण जलवायु परिवर्तन तेज होता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से कई गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं-न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में। जलवायु परिवर्तन के चलते आने वाले दशकों में फसल चक्र भी संकट में आ सकता है। भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारी सारी किसानी मानसून की वर्षा पर आधारित है। यह देखा जा रहा है कि असमय वर्षा के कारण किसानों को अपना फसल चक्र बनाए रखना कठिन हो रहा है। भविष्य में ये कठिनाइयां और बढ़ सकती हैं, क्योंकि जलवायु परिवर्तन थमने का नाम नहीं ले रहा है। पर्यावरण प्रदूषित होने से फसल चक्र प्रभावित होने के साथ और भी कई घातक असर पड़ते हैं। यह मानव स्वास्थ्य पर भी व्यापक असर डालता है। प्रदूषण जनित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। जिस तरह सिगरेट का धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, उसी तरह पराली का धुआं भी बहुत घातक साबित होता है।**

**दशहरे** के बाद उत्तर भारत में हुई बेमौसम बरसात ने प्रदूषण के दुष्प्रभाव को कुछ दिनों के लिए कम अवश्य कर दिया, लेकिन वर्षा बंद होने के बाद से उत्तर-पश्चिम भारत में प्रदूषण की मार को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सर्दियां शुरू होते ही लगभग पूरे उत्तर और पश्चिम भारत में वायु प्रदूषण सिर उठा लेता है और फिर समय के साथ व्यापक होता जाता है। प्रदूषण की शुरुआत भले ही पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पराली जलाने से होती हो, लेकिन धीरे-धीरे उसमें अन्य कारक भी अपना योगदान देने लगते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में वर्षों से पराली जलाई जा रही है। 15-20 वर्ष पहले तक तो सरकारें पराली जलाने को प्रदूषण का कारण मानती ही नहीं थीं, पर जबसे वैज्ञानिक तरीके से इसे स्थापित किया गया कि कम से कम उत्तर-पश्चिम भारत के एक हिस्से में पराली का धुआं प्रदूषण का सबसे बड़ा कारक है, तबसे सरकारें इसे लेकर सजग हुईं। इस सजगता के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। पराली को जलने से रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की तमाम सक्रियता सितंबर-अक्टूबर में ही दिखती है। इस बार भी जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलने लगी, तब सरकारें चेतीं। आखिर वे समस्या के सिर उठाने का इंतजार क्यों करती हैं और बाकी समय हाथ पर हाथ रखकर क्यों बैठी रहती हैं? समय से न चेतने के कारण पराली को जलाने से रोकने में सीमित सफलता ही मिली है।

पराली खेतों में न जलाई जाए, इसके विकल्प तो मौजूद हैं, पर उन पर अमल के मामले में सरकारें कितनी हीलाहवाली करती हैं, यह इससे स्पष्ट होता है कि पराली जलाना शुरू हो जाने के बाद केंद्र सरकार ने पराली से पैलेट यानी एक तरह का कोयला बनाने की एक परियोजना शुरू की। यह जब तक जमीन पर उतरेगी तब तक तो पराली जल चुकी होगी। हां, यदि यह परियोजना ठीक से लागू की जाए तो अगले वर्ष तक इसका पूरा लाभ मिल सकता है। यह किसी से छिपा नहीं कि पराली जलाने वाले किसान और अन्य अनेक लोग प्रदूषण की विभीषिका को अपनी समस्या नहीं मानते। औसत किसान न तो पराली जलाने से होने वाले नुकसान की चिंता करते हैं और न ही गिरते भूजल स्तर के बाद भी अधिक पानी की मांग वाली फसलें उगाने से बचते हैं। आखिर उन इलाकों में धान की खेती क्यों होती है, जहां उसकी खपत नहीं होती? शायद सरकारें अभी तक पराली जलाने और पानी की अधिक मांग वाली फसलें उगाने से पैदा होने वाली समस्याओं से किसानों को सही तरह अवगत नहीं करा सकी हैं।

इसी तरह वे आम आदमी को प्रदूषण रोकने के तौर-तरीके अपनाने के लिए प्रेरित नहीं कर सकी हैं। प्रदूषण एक ऐसी समस्या है, जिसका समाधान तभी संभव होगा, जब सरकारों को जनता का भी सहयोग मिलेगा। यह भी समझना होगा कि उत्तर भारत में पराली का धुआं प्रदूषण का एक बड़ा कारक अवश्य है, लेकिन उसके साथ ही




वाहनों का उत्सर्जन, सड़कों और निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल, कारखानों से निकलने वाला धुआं आदि भी प्रदूषण बढ़ाने का काम करते हैं।

उत्तर भारत में सर्दियों में जब भी प्रदूषण की बात होती है तो सबसे पहले पराली सबके मस्तिष्क में आती है, लेकिन वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, सड़कों से उड़ती धूल और कारखानों से निकलने वाले धुएं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। वास्तव में इसी कारण प्रदूषण पर प्रभावी लगाम नहीं लग पाती। यदि यह सोचा जा रहा है कि केवल दंडात्मक उपायों से पराली को जलने से रोका जा सकता है तो यह सही नहीं। इसी तरह यदि शहरी इलाकों में यातायात को सुगम बनाने के लिए अकेले फ्लाइओवर बनाने से सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होता तो दिल्ली-एनसीआर में ऐसा न जाने कब हो जाता।

यहां लगातार फ्लाइओवर और अंडरपास बन रहे हैं, लेकिन प्रदूषण नहीं थम रहा है। जिन इंजीनियरों, योजनाकारों और नीति-नियंताओं पर यह जिम्मेदारी है कि वे शहरों के अंदर आधारभूत ढांचे को अधिक बेहतर बनाएं, उन्हें और सजग होना होगा एवं वैज्ञानिक तरीके अपनाकर प्रदूषण नियंत्रण का काम करना होगा। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि शहरों में आधारभूत ढांचे के निर्माण की गति तो अत्यधिक धीमी है ही, निर्माण की परंपरागत प्रक्रिया भी प्रदूषण को बढ़ाने वाली है। अभी भी पुरानी तकनीक अपनाकर शहरों के आधारभूत ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। इससे भी प्रदूषण फैलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत का जो नारा अपने पहले कार्यकाल में दिया था, उसका कुछ समय तक तो असर रहा, पर अब धीरे-धीरे वह समाप्त-सा हो गया है। आम नागरिक प्रदूषण निवारण के मामले में पूरी तरह सरकारों पर निर्भर हैं। अपवाद के तौर पर भारत के कुछ शहर जरूर साफ दिखते हैं, लेकिन अधिकांश शहरों में धूल-धुआं और गंदगी आम है। यदि प्रदूषण की विभीषिका से बचना है तो सरकार और जनता, दोनों को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# चेहरे पर लगाएं दही और कॉफी का फेस पैक, निकलेंगी डेड सेल्स और आएगा निखार

दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल चेहरे को बेहतर बनाने और खूबसूरती बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। गर्मी के मौसम में स्किन से जुड़ी परेशानियां और बढ़ जाती हैं। इन परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए आप दही और कॉफी का इस्तेमाल कर सकते हैं। चेहरे पर निखार लाने के लिए और स्किन पर टैनिंग आदि को दूर करने के लिए आप इससे बने फेस पैक या स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी एजिंग गुण पाए जाते हैं जो स्किन को परेशानियों से मुक्त कर हेल्दी और ग्लोइंग बनाने का काम करते हैं। इसके अलावा दही के साथ इसका इस्तेमाल स्किन को और बेहतर बनाने का काम करता है। चेहरे पर दाग-धब्बे, डेड स्किन और मुहांसे आदि को दूर करने के लिए दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। स्किन की ड्राईनेस को ठीक करने और रंगत सुधारने के लिए भी आप दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। दही और कॉफी का फेस पैक लगाने से चेहरे को ये फायदे मिलते हैं।



### चेहरे की क्लींजिंग के लिए फायदेमंद

चेहरे को अच्छी तरह से साफ रखने से कई समस्याओं का खतरा कम होता है। इसके लिए आप चेहरे पर दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। दही में मौजूद गुण चेहरे की नमी को बरकरार रखने का काम करते हैं और कॉफी में मौजूद गुण से आपके चेहरे की कई परेशानियां दूर होती हैं। सप्ताह में 2 बार इसका इस्तेमाल करने से आपके चेहरे पर इसका असर दिखना शुरू हो जाता है।

### डेड स्किन हटाने में फायदेमंद दही-कॉफी

दही और कॉफी से बने फेस मास्क का इस्तेमाल करने से आपके चेहरे की गंदगी दूर होती है और डेड स्किन हटाने में फायदा मिलता है। चेहरे पर मौजूद डेड स्किन की वजह से आपकी खूबसूरती पर फर्क तो पड़ता ही है बल्कि इससे आपके चेहरे पर कई समस्याएं भी हो सकती हैं। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है।

### चेहरे की चमक बढ़ाने में फायदेमंद

चेहरे का ग्लो बढ़ाने के लिए दही और कॉफी पाउडर से बने फेस पैक का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान और धूप या प्रदूषण के कारण आपकी स्किन का ग्लो कम हो जाता है। इससे बचने के लिए आप सप्ताह में 2 बार दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### स्किन की नमी को बरकरार रखने में फायदेमंद

दही और कॉफी से बने फेस पैक का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन की नमी बरकरार रहती है। इसका इस्तेमाल आपकी स्किन को कोमल बनाने के लिए भी फायदेमंद होता है। दही में लैक्टिक एसिड की पर्याप्त मात्रा होती है जो स्किन को मॉइस्चराइज रखने में बहुत फायदेमंद होती है।



# नसों में ब्लॉकेज होने पर दिखते हैं ये लक्षण

पने सुना होगा कि हमारे शरीर में नसों का जाल फैला हुआ है। ये अलग-अलग तरह की नसें आपके शरीर के सभी अंगों तक खून और जरूरी पोषक तत्वों को पहुंचाने का काम करता है। इन नसों में किसी तरह की परेशानी होने पर आपके शरीर के कई अंग प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही इससे स्ट्रोक, ब्रेन फंक्शन में परेशानी और अन्य नसों संबंधित परेशानियां हो सकती है। नसों की ब्लॉकेज के कई कारण हो सकते हैं जैसे स्मोकिगं, कोलेस्ट्रोल, फैट या किसी तरह की गंदगी जमा होने के कारण आपको नसों में सूजन और दर्द की दिक्क त हो सकती है। इससे आपको शरीर के अनेक अंगों से परेशानी हो सकती है।

### छाती या सीने में दर्द महसूस होना

कई बार आपने काम करने के दौरान या ऐसे भी महसूस किया होगा कि आपको सीने या छाती में दर्द का अनुभव होता है। कई बार सोते समय या अधिक देर तक काम के दौरान भी आपको सीने के लेफ्ट साइड में दर्द का अनुभव होता है। ये दर्द कभी-कभार हार्ट अटैक का संकेत भी हो सकता है। नसों के जाम या ब्लॉक हो जाने पर आपको हार्ट अटैक का खतरा भी हो सकता है। इसके अलावा दिल की घबराहट, कमजोरी या चक्कर आना, जी मिचलाना या पसीना आना जैसी समस्याएं हो सकती है।

### पीठ के निचले हिस्से में दर्द

नसों की ब्लॉकेज के कारण कई लोगों को पीठ के निचले हिस्से में भी दर्द की समस्या हो सकती है। ब्लॉकेज के कारण पीठ के निचले हिस्से में ब्लड सकुललेशन की दिक्कत की वजह से डिस्क कमजोर हो सकती है। साथ ही कई बार शरीर का निचला हिस्सा सूखने या सूजन के कारण फूलने लगता है। इससे आपको नसों के दबने की दिक्कत हो सकती है।



### स्ट्रोक का खतरा

नसों के ब्लॉक होने पर आपको हार्ट स्ट्रोक की दिक्कत हो सकती है। इसे भी आप ब्लॉकेज के एक लक्षणो में से एक मान सकते हैं। इससे आपकी ब्रेन तक जाने वाली नसें जाम हो जाती है और ब्लड सर्कुलेशन के कमी के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है। ऑक्सीजन के अभाव में मस्तिष्क की कोशिकाओं को काफी नुकसान पहुंचता है। कई बार आपको बेहोशी और थकान का अनुभव भी हो सकता है।

### सांस लेने में तकलीफ

नसों में फैट या ब्लॉकेज जमा होने के कारण आपको सीने में तेज दर्द के साथ सांस लेने में भी तकलीफ हो सकती है। दरअसल फैट या ब्लॉकेज के कारण नसों में गंदगी जमा हो जाती है और इसकी वजह से ब्लड फ्लो कम हो जाता है और ऑक्सीजन की कमी होने के कारण आपके फेफड़ों को ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो पाती है। साथ ही आपको अंदर से कमजोरी और लेफ्ट साइड में दर्द का अनुभव हो सकता है।

### थकान और नींद की कमी

कई लोगों को नसों में ब्लॉकेज के कारण थकान और नींद की कमी का अनुभव हो सकता है। इसकी वजह से आप छोटा-बड़ा काम करके भी थक जाते हैं और सोते समय भी आपकी हृदय की गति तेज हो सकती है और साथ ही बेचैनी का अनुभव भी हो सकता है। अगर आपको भी ऐसे लक्षण लंबे समय से नजर आ रहे हैं, तो आपको तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### हाथ-पैर ठंडा होना

अगर आपके हाथ-पैर बराबर ठंडे रहते हैं और हाथ-पैर में हमेशा दर्द की शिकायत रहती है। अच्छे से सोने के बाद भी आपको शरीर में दर्द की शिकायत रहती है, तो आपको इन चीजों को बिल्कुल इग्नोर नहीं करना चाहिए। यह आपके शरीर में नसों की ब्लॉकेज का कारण हो सकता है।

### कारण

आपके नसों और धमनियों में ब्लॉकेज के कई कारण हो सकते हैं। ऐसा स्मोकिंग, शराब पीने, डायबिटीज, कोलेस्ट्रोल, तनाव, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर की समस्याओं में भी हो सकता है। इससे नसों में गंदगी जमा हो सकती है या फिर नसों में सूजन के कारण भी ऐसा हो सकता है। जिसकी वजह से नसों में रक्त प्रवाह अच्छे से नहीं हो पाता है और ऑक्सीजन का प्रवाह भी प्रभावित होता है। शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से भी कमजोरी महसूस हो सकती है।

### इन चीजों का करें सेवन

- इसके लिए आपको कम शुगर, कम सैचुरेटेड फैट और ऑयली चीजों का सेवन करना चाहिए।
- अधिक से अधिक फलों और हरी सब्जियों का सेवन करने की कोशिश करें।
- धूम्रपान और शराब का सेवन न करें।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में थोड़ी दिक्कत होगी। व्यापार या नौकरी के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। लेखनकार्य के लिए दिन अच्छा है।

### वृषभ
आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मनोदशा कमज़ोर रहेगी। आज संभव हो, तो प्रवास को टालें। लेखक, कलाकार एवं सलाहकारों के लिए दिन बहुत अनुकूल है।

### मिथुन
आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। धन का अधिक व्यय न हो, इसका ध्यान रखें।

### कर्क
आज मन में किसी बात की उलझन रहेगी। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता हैं। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च हो सकता है। वाणी पर संयम रखें।

### सिंह
आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे। अधिकतर समय किन्हीं विचारों में आप खोए रहेंगे।

### कन्या
नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है। नौकरी करने वाले लोगों की पदोन्नति का योग है।

### तुला
बुद्धिजीवियों या साहित्य प्रेमियों के साथ मुलाकात से आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। अच्छा समय व्यतीत करेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा या तीर्थस्थान जा सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन बिना किसी प्रवृत्ति के सावधानीपूर्वक व्यतीत करना पड़ेगा। नए काम शुरू न करें। समय से भोजन नहीं मिलेगा। राजकीय अपराधी प्रवृत्तियों से दूर रहें और नए संबंध विकसित करें। दुर्घटना से बचें।

### धनु
बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। मनोरंजन, प्रवास, मित्रों के साथ मुलाकात, वस्त्र परिधान के साथ की निकटता आज के दिन को आनंदित और रोमांचित बनाएगा।

### मकर
आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे। धन के लेन-देन में सरलता रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आवश्यक कारणों के पीछे धन खर्च होगा।

### कुंभ
आज कोई भी नया काम शुरू ना करें। जल्दी-जल्दी काम करने से आप नुकसान उठा सकते हैं। महिलाओं को अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा। संतान की चिंता रहेगी।

### मीन
आज का दिन अरुचिकर घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। घर में परिवार वालों के साथ वाद-विवाद होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी। किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

# विद्युत लाइन में स्पार्किंग होकर चिंगारियां नीचे गिरी, बाड़े में सूखी घास व चारे में लगी आग

## मूंडवा क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई आगजनी की घटनाएं





अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** रविवार को मूंडवा क्षेत्र के दो स्थानों पर आगजनी की घटना हो गई। दोनो ही आगजनी का कारण विद्युत लाइन से हुई।

विद्युत लाइन में स्पार्किंग होकर चिंगारियां नीचे गिरने से सूखी घास व चारे में आग लग गई। मूंडवा शहर के पास के खेतों में रविवार सायं अचानक हाईटेंशन लाईन में स्पार्किंग होने से नीचे की सूखी घास और झाड़ियों ने आग पकड़ ली।

सूचना मिलते ही मूंडवा नगर पालिका से दमकल मौके पर पंहुची। यहां पेट्रोल पम्प के पिछे स्थित ओमप्रकाश अरोड़ा व सतार तेली के खेत में आग लग गई थी। यहां पालिका की दमकल के साथ प्रवीण व्यास, ओमप्रकाश, नारायण प्रजापत, करण व रूपेश पाराशर ने पंहुच कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। समय रहते यदि दमकल नहीं पंहुचती तो सम्भवतः यह आग विकराल रूप भी ले सकती थी। वहीं विद्युत निगम से रिषभदेव, सनत कुमार, जलालु नारिया, नथुराम इत्यादि मौके पर पंहुचे। इसी प्रकार रविवार को ही दिन में पालड़ी जोधा स्थित किसान सगाराम खोजा के बाड़े में 11 हजार केवी की लाइन से स्पार्किंग होने से आग लग गई। किसान जगदीश खोजा ने बताया कि उसके बाड़े के उपर से यह लाइन गुजरती है। कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचना भी दे गई मगर कोई ध्यान ही नहीं देता।

आगजनी के चलते बाड़े में रखा तीन ट्रोली बाजरी के पुलों का चारा, एक ट्रोली मूंग का चार व दूसरा सुखा चारा जलकर राख हो गया।

# सांसद व पूर्व मंत्री के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

## किसान व डेगाना की जनता की हुई जीत : चोयल



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** भारतीय किसान युनियन की ओर से डेगाना में एनएच 458 ओर तामडोली के निकट बने टोल नाके पर असुविधाओं को लेकर धरना प्रदर्शन शुरु किया था। किसान युनियन के साथ डेगाना की आम जनता व नेता ओर जनप्रतिनिधि भी इस धरने के समर्थन में आगे आये थे। पिछले दिनों डेगाना के पूर्व विधायक व किसान नेता रिछपाल सिंह मिर्धा भी इस धरना स्थल पर पहुंचे थे।

भारतीय किसान युनियन डेगाना अध्यक्ष बंशीलाल चोयल ने बताया की डेगाना की जनता के लिये एनएच 458 पर पडे बडे बडे खड्डे को सही करवाने व लापरवाह ठेकेदारो के खिलाफ जाँच की मांग सहित तामडोली टोल नाके पर 10 किलोमिटर के दायरे मे रहने वाली जनता के लिये टोल फ्री करवाने को लेकर दस दिन से धरना प्रदर्शन चालू था। रविवार को डेगाना सांसद दीयाकुमारी व पूर्व केबिनेट मंत्री अजय सिंह किलक के तीन दिन में भारत सरकार तक लिखित मे मांगो को पहुंचाकर किसान यूनियन की सभी मांगो को पूरी करवाने के आश्वासन के साथ ही किसान युनियन और डेगाना विधानसभा क्षेत्र की जनता ने धरना प्रदर्शन समाप्त करने की बात को लेकर एकमत हुवे।

चोयल ने धरना प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी कार्यकर्ता, नेता, जनप्रतिनिधि व आम जनता का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भारतीय किसान युनियन प्रदेश उपाध्यक्ष सुखराम कारेल, ट्रक युनियन डेगाना अध्यक्ष श्रीपाल चौधरी, जिला अध्यक्ष रामनिवास मेहरा, पन्नाराम काला, राजेन्द्र जाखड़, भंवर सिंग, गोपाल माली, वासूदेव बुलवानी, शिवलाल फौजी, सुरेश खंगवाल सहित डेगाना विधानसभा क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

# कुचेरा थानाधिकारी ने ली गांवों में कानून व्यवस्था की जानकारी



महबूब खोखर/फखरूद्दीन खोखर

**कुचेरा/रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा थानाधिकारी विमला चौधरी ने रविवार को खजवाना, इंदोकली, रूण और धवा गांवो में जाकर कई मौजीज ग्रामीणों से रूबरू होकर कानून व्यवस्था की जानकारी ली और गांव में समस्याओं को नजदीक से जाना और उन्होंने सभी गांवों के ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पुलिस आपके साथ हैं। इस मौके पर विमला चौधरी ने कहा कि दीपावली व अन्य त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस के साथ-साथ आपका भी सहयोग जरूरी है, ऐसे तीज त्योहारों के मौके पर अगर कोई असामाजिक तत्व कोई शरारत करता है तो संबंधित बीट अधिकारी को तुरंत सूचना दें। इस मौके पर इन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान पुलिस और जनता के सामंजस्य से ही हो सकता है। वहीं इन्होंने नया बाजार गांव रूण के व्यापारियों से भी मुलाकात करके कानून व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं गांव रूण के बीट अधिकारी सुरेश ग्वाला के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश त्योहारों के मद्देनजर दिए। इस दौरान गांव रूण के कई बुद्धिजीवी और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मौके पर इन्होंने रूण मीडिया की कार्यशैली को सराहते हुए कहा कि मीडिया कानून का चौथा स्तम्भ होता है और हमें रूण मीडिया पर गर्व है। इस मौके पर इनके साथ हेड कांस्टेबल दयाराम, रणजीत ताड़ा, नाथूराम गोलिया और सुरेश ग्वाला रूण बीट अधिकारी साथ रहे।

# हृदय रोग जांच व परामर्श शिविर में 68 रोगी हुए लाभान्वित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी के तत्वावधान में सीतादेवी सत्यनारायण काबरा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रामजीवन काबरा रोग निदान केंद्र पर प्रत्येक माह में आयोजित होने वाले हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार को किया गया।

शिविर सौजन्यकर्ता लॉयन मनोज काबरा व मनीषा काबरा रविवार को शिविर में पहुँच कर शिविर में सेवाएँ देने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील जैन का लायन दुपट्टा औढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश डालुका व सचिव मनोज अग्रवाल द्वारा शिविर सौजन्यकर्ता लायन मनोज काबरा व मनीषा काबरा का लायन दुपट्टे से सम्मान किया गया। सौजन्यकर्ता परिवार ने लायंस क्लब द्वारा शिविर में अच्छी व्यवस्थाओं के लिए शिविर संयोजक व कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया गया। क्लब कोषाध्यक्ष मनमोहन द्वारा शिविर संयोजक लायन नरेंद्र शर्मा का भी लायन दुपट्टे से सम्मान किया गया। शिविर संयोजक लॉयन नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में 68 रोगियों द्वारा चिकित्सीय परामर्श लिया गया। साथ ही चिकित्सकीय अनुशंषा पर 20 ब्लड सम्बंधित जाँचें, 20 ईसीजी व 4 एक्सरे व 4 टीएमटी की निश्शुल्क जाँचे की गयी।

शिविर में संयोजक लॉयन नरेंद्र शर्मा, क्लब अध्यक्ष लॉयन सीए मुकेश डालुका, क्लब सचिव लॉयन मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन मनमोहन अग्रवाल, मनोज काबरा, मनीषा काबरा, लायन नरेश जैन, लायन श्याम सुंदर मंत्री, लायन सुभाष राँवका, लायन श्याम सुंदर सैनी आदि उपस्तिथ रहे।

# सुमन कुमारी अध्यक्ष व आरिफ मोहम्मद बने सचिव



## कुचामनसिटी ब्लॉक के शारीरिक शिक्षक संघ के चुनाव सम्पन्न

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामनसिटी में ब्लॉक शारीरिक शिक्षक संघ के चुनाव पर्यवेक्षक प्रेमराज सियाग, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष जगदीश इनानिया की देखरेख में कुचामन ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती सुमन कुमारी, संरक्षक रणबीर सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव मोहम्मद आरिफ, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, संगठन मंत्री रामेश्वर लाल, मीडिया प्रभारी हुकमाराम गोदारा, महासचिव ईश्वर राम ढाका, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजू चौधरी को बनाकर शपथ दिलवाई गई। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मोहन राम रिणवां, नारायण राम रिणवां, रामस्वरूप चौधरी, अशोक गर्वा, सूरज करण मीणा, श्रीमती जमुना देवी, सुनीता चौधरी, सुनीता नारायणपुरा, शोभा रायल, गगनप्रीत कौर और नागौर से आये जिला खेल पभारी धर्मेंद्र चौधरी, ओमप्रकाश डिडेल, राजेंद्र जाखड़, जगदीश राम, राजेंश भाकर, देवेन्द्र खुडिवाल, ओमप्रकाश, नरेंद्र कुमार, फतेहसिंह, सहदेव जनाणा, शिवराज मंडा आदि उपस्थित रहे।

# केश कला बोर्ड के सदस्य माणक सेन का गर्मजोशी किया स्वागत



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** केश कला बोर्ड की प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी के सदस्य माणक सेन का नगरपालिका चौराहे पर गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर समाजसेवी शोभाराम कमेडिया, सीताराम खींची, राजेंद्र राव ने माला साफा पहनाकर माणक सेन का स्वागत कर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर माणक सेन ने कहा की कांग्रेस पार्टी हमेशा आम कार्यकर्ताओं को तवज्जो देती है। जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है मैं इसको पूर्ण निष्ठा से निभाऊंगा और राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर मुन्ना लाल वैष्णव, गंगाराम राम,नारायण जोशी, महेश शर्मा ,मांगीलाल नितेश जोशी दीपक मौजूद रहे।

# अनुदान राशि पर बीज किये वितरित

सुनील सोनी

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर क्रय-विक्रय सहकारी समिति की ओर से किसानों को अनुदानित राशि पर बीज वितरण किया गया। व्यवस्थापक महेंद्र सिंह ने बताया कि गेंहू व चना का बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरित किया गया। इस मौके पर कृषि पर्यवेक्षक राजेश कुमार ने किसानों को फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक की अवधि में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने फसल की बुवाई के समय बीज के साथ या बीजने से पूर्व भूमि की गुड़ाई से पूर्व कीटनाशक दवा का उपयोग करने के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के व्यवस्थापक महेंद्र सिंह, भूमि विकास बैंक नागौर सचिव गंगा राम गोदारा, राजेश कुमार, अध्यक्ष गोपाल गुर्जर, भंवर सिंह ढूंढिया, पार्षद सलीम खान सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# जीवन में खेलों का बहुत महत्व : जोगेंद्र बलारा

## केजीबी में स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज





### बॉलीबॉल में नागौर टीम ने जीता खिताब

धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे की धनकोली रोड़ स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में रविवार को संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुंशी खां थे जबकि अध्यक्षता अतिरिक्त जिला समन्वयक बस्तीराम सांगवा ने की। मौलासर प्रधान मंजू देवी मेघवाल, सरपंच जोगेंद्र बलारा, कार्यक्रम अधिकारी पवन मांजू, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जोधाराम साहू, समाजसेवी भागीरथ राम बलारा, उपाध्यक्ष राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ प्रेमचंद सियाग, नागौर जिला शारीरिक शिक्षक शिक्षक अध्यक्ष जगदीश इनानिया, अतिरिक्त शिक्षा ब्लॉक अधिकारी भंवरलाल खोखर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नोडल प्रधानाचार्य बोदूराम जांगिड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि केजीबी आवासीय विद्यालय मण्डल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में कुल चार जिले जिसमें अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा ओर नागौर के प्रतियोगी ने भाग लिया। वहीं प्रत्येक जिले से 70 प्रतियोगी भाग लेने पहुँचे, जिसमें कुल 254 प्रतियोगी भाग लिए। उन्होंने बताया कि ये प्रतियोगिता तीन दिवसीय है, जिसका का समापन 18 अक्टूबर को किया जायेगा। प्रतियोगिता में खो-खो कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, जूडो, साइकिल दौड़, उच्च लंबी कूद, भाला फेंक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। प्रथम दिन में मुख्य खेलों के सभी मैच आयोजित किये गये।

**इनके बीच हुए मुकाबले :** प्रथम मैच टोंक व नागौर के बीच मे बॉलीबॉल खेला गया, जिसमें नागौर टीम विजेता रही। वहीं फाइनल मैच अजमेर व नागौर के बीच में हुआ, जिसमें नागौर टीम विजय रही। इससे पूर्व सरपँच जोगेंद्र बलारा व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुंशी खा ने उपस्थित को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ जीवन में खेलों का भी बहुत महत्व है। वहीं आये हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए खेलों से सम्बंधित कई जानकारियां दी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर शारदा देवी, हनुमानी गुलेरिया, भंवरी देवी, अनीता बलारा, सुमनदेवी, विक्रम सिंह, रामप्रसाद, अशोक कुमार, भंवरलाल सोलंकी, मुकेश मानोता, मुकेश बलारा, शारीरिक शिक्षक फारुख खां, लक्ष्मण सिंह, मनोज कुमारी, शारिरिक शिक्षक वासुदेव बलारा सहित विद्यालय स्टॉफ व ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

पेट्रोल पंप पर चोरी की वारदात

# सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

सद्दाम रँगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी से गुजरने वाले मेगा हाईवे पर पलाड़ा सीतापुरा पर स्थित आनंद फिलिंग स्टेशन पर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। आनंद फिलिंग स्टेशन के दीपेंद्र सिंह की ओर से कुचामन पुलिस थाने में दी गई रिपोर्ट के मुताबिक 4 अज्ञात युवक पेट्रोल पंप के मैनेजर कक्ष की खिड़की को खोल कर अंदर घुसे और गल्ले में रखे 95 हजार रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह रही कि सारी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

जानकारी मिलने पर कुचामन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी मनोज माचरा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक चोर तकरीबन 1:45 बजे पेट्रोल पंप के मैनेजर कक्ष में घुसे और गल्ले में से रुपए निकाल लिए । उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला यात्री ट्रेन में मोबाइल और पैसे भूली, टीटीई ने लौटाए

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज )।** ट्रेन में अपना कीमती मोबाइल और रुपए भूली एक महिला यात्री को सकुशल लौटा कर टीटीई ने ईमानदारी का परिचय दिया है। गाड़ी संख्या 19223 अहमदाबाद जम्मूतवी एक्सप्रेस में शुक्रवार को पाली मारवाड़ से नागौर जाने के लिए एक महिला यात्री कोच संख्या एस-4 की सीट नंबर 71 पर सवार हुई, देर रात्रि नागौर आने पर वह ट्रेन से उतर गई। गाड़ी रवानगी के बाद इस सीट पर पड़े एक मोबाइल पर बार-बार रिंगटोन आने पर कोच में कार्यरत टीटीई भागीरथ राम प्रजापत की नजर उस पर पड़ी। कॉल रिसीव करने पर महिला के पति ने बात की और बताया कि उसकी पत्नी ट्रेन में अपना मोबाइल भूल गई है जिसके कवर में पांच सौ भी है ।

भागीरथ राम ने मोबाइल और पैसे सुरक्षित होने का आश्वासन दिया और जानकारी दी कि शनिवार को ऋषिकेश- बाड़मेर एक्सप्रेस ट्रेन में बीकानेर से जोधपुर वापसी के दौरान यह अमानत उन्हें लौटा देगा। शनिवार को ट्रेन के नागौर पहुंचने पर भागीरथ राम ने रेलवे स्टेशन पहुंचे महिला के पति को महिला से बात करने के पश्चात मोबाइल और रुपए ट्रेन कंडक्टर रामस्वरूप और जीआरपी महिला कांस्टेबल मैना चौधरी की उपस्थिति में सकुशल लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया। महिला यात्री के पति ने टीटीई और रेल प्रशासन को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया।



### भूल-सुधार

16 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित 'कुचामन में कैफे से लहुलुहान हालत में युवती को पहुंचाया हॉस्पिटल' शीर्षक से प्रकाशित खबर में भूलवश सिटी कैफे छप गया था जबकि यह घटना सिटी कैफे के पास के एक गेस्ट हाऊस में हुई थी। घटना गेस्ट हाऊस में हुई इसलिए घटना का सिटी कैफे से कोई लेना देना नहीं है।

# एमडी सहित युवक को खुनखुना पुलिस ने किया गिरफ्तार



अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज )।** पुलिस अधीक्षक नागौर के निर्देशानुसार में विमलसिंह नेहरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीडवाना तथा गोमाराम वृताधिकारी डीडवाना के सुपरविजन में बनवारीलाल थानाधिकारी खुनखुना मय जाप्ता द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुवे ग्राम मंडुकरा से आरोपी नरेन्द्र उर्फ नरू को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एम.डी. (एमडीएमए) वजन 3.02 ग्राम व एक मोटरसाईकिल हिरो स्प्लेण्डर 37 एसवाई 5891 एवं एम.डी. ब्रिकी के 1200 रूपये जब्त किये गये। खुनखुना थानाधिकारी बनवारीलाल जाप्ता के अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए ग्राम मंडुकरा से आरोपी नरेन्द्र पुत्र रामनिवास उम्र 21 साल जाति जाट निवासी खंगार पुलिस थाना लाडनू को गिरफ्तार किया जाकर उससे अवैध सामग्री जप्त की गई। प्रकरण संख्या 230 / 2022 धारा 8/21 एन. डी.पी.एस. एक्ट में दर्ज किया गया। आरोपी से जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए खरीदने / बेचने वालों के संबंध में गहनतापूर्वक अनुसंधान जारी है। इस कार्यवाही में बनवारीलाल थानाधिकारी, महेन्द्र खींची, मनोहरलाल छीतरमल, धर्मेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# शारीरिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष का किया अभिनन्दन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को शहर के मेगा हाईवे बाईपास स्थित यूथ क्लासेज एण्ड डिफेंस एकेडमी में शारीरिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष जगदीश, धर्मेन्द्र भाकल, प्रेमराज सियाग, ओमप्रकाश डिडेल का अभिनन्दन किया गया। यूथ क्लासेज निदेशक महेन्द्र गालवा ने बताया कि इस दौरान रिंकु गुर्जर, नीरज चौधरी, वीरेन्द्र चावड़ा, अजय शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाएं खुशहाली : ऊर्जा राज्य मंत्री भाटी

**जयपुर।** बासंवाड़ा जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा राज्य मंत्री भंवर सिंह भाटी ने सामुदायिक विकास एवं आमजन के कल्याण की तमाम योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों तक फायदा पहुचानें के लिए बेहत्तर कार्य सम्पादन करने का आह्वान किया है और कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष फोकस किया जाकर क्षेत्र में खुशहाली लाएं। प्रभारी मंत्री रविवार को बांसवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जिला कलक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोविन्द राणावत, उपजिला प्रमुख डॉ विकास बामनिया, नगरपरिषद के सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी, घाटोल प्रधान सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में प्रभारी मंत्री भाटी ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की अब तक की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि इस योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की दिशा में और अधिक बेहतर उपलब्धियां हासिल करें। भाटी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संकल्प है कि हर व्यक्ति स्वस्थ्य व निरोगी रहें उसके लिए राज्य सरकार स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही है तथा इसमें बेहत्तर कार्य

# सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

## छः गांव मकराना, परबतसर, बोरावड़, बिदियाद, बडू, कालवा के तत्वावधान में होगा सामुहिक विवाह सम्मेलन

सुनील सोनी



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** माली समाज सामुहिक विवाह समिति छः गांव मकराना, परबतसर, बोरावड़, बिदियाद, बडू, कालवा के तत्वावधान में देव उठनी ग्यारस 4 नवंबर 2022 को परबतसर में होने वाले आगामी सामुहिक विवाह सम्मेलन के सफ़लता पूर्वक आयोजन व तैयारियों हेतु एक नियमित मीटिंग माली समाज चौताला छात्रावास भवन में समिति अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत के अध्यक्षता में हुई। समिति महासचिव गणपतलाल सोलंकी ने बताया कि अभी तक विवाह योग्य 43 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। आज की मीटिंग में बाद चर्चा के विभिन्न प्रस्तावों पर निर्णय पारित किये गये जिसमें 26 अक्टूबर बुधवार को प्रात: 9:15 से गणेश पूजन रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि (यजमान) भामाशाह गोरधन लाल दगदी सेठ परबतसर को बनाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। 4 नवम्बर के मुख्य कार्यक्रम में भामाशाहों को मुख्य अतिथि व अध्यक्ष हेतु गणेश पूजन में में तय किया जायेगा। आज मीटिंग में महिला अध्यक्ष किरण दगदी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें मायादेवी तुनवाल, कौशल्या देवी दगदी संरक्षक, सुंदरी देवी मारोठिया, सम्पा देवी तुनवाल, बिदाम देवी टांक, संतोष देवी सांखला को उपाध्यक्ष, गीता देवी तुनवाल महासचिव, मीनाक्षी दगदी कोषाध्यक्ष, बेबी सांखला, शांति देवी गहलोत, बबली सांखला, मंजू कच्छावा सचिव दुर्गा दगदी, तुलसी देवी तंवर संतोष देवी तुनवाल, मंजू देवी तुनवाल संगठन मंत्री बनाया गया।

**ये रहे मौजूद :** मीटींग में समिति अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत, संरक्षक ओमप्रकाश सांखला, महासचिव गणपतलाल सोलंकी, समिति कोषाध्यक्ष ताराचंद तंवर, महिला अध्यक्ष मंजू सैनी, स्थानीय अध्यक्ष सेवाराम दगदी, महासचिव एडवोकेट दिनेश तूंदवाल, कोषाध्यक्ष सूरजमल बनसटिया, कार्यवाहक अध्यक्ष सत्यनारायण मालाकार, समिति प्रवक्ता लोकेश मालाकार, अध्यक्ष अशोक मारोठिया सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रवासियों का योगदान : बिरला



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे सहित आसपास के प्रवासियों ने सूरत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। भाजपा नेता श्याम माली भकरी की अगुवाई में प्रवासियों ने राजस्थानी परंपरानुसार बिरला का स्वागत किया। इस मौके पर बिरला ने कहा कि प्रवासन का कार्य केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सांस्कृतिक विस्तार भी है। प्रवासी लोग अपनी संस्कृति से पूरे विश्व को परिचित करा रहे हैं। प्रवासी निवेश को सुविधाजनक बनाने और बढ़ाने, औद्योगिक विकास में तेजी लाने और व्यापार तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 'परिवर्तन के वाहक' के रूप में कार्य करते हैं। सामाजिक-आर्थिक विकास में भी प्रवासियों का योगदान रहा है। प्रवास और विकास को अधिक समग्र रूप से देखने की जरूरत हैं। इस दौरान राजस्थान युवा संघ अध्यक्ष विक्रम सिंह शेखावत, गिरधारी सिंह, पार्षद दिनेश राजपुरोहित, विजय भाई चौमाल, कैलाश बेनीवाल, गंगाधर डूडी, राजेन्द्र चौधरी, कैलाश हाकिम सहित बड़ी संख्या में प्रवासी लोग मौजूद रहे।

# रहवासी मकान पर पुलिस ने दबिश देकर किए अवैध डोडा चूरा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हुकमाराम ताडा



**खीवंसर( नागोर डेली न्यूज ) ।** खींवसर उपखंड की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डेहरू में अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि नागौर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 32 किलो 965 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। थाना अधिकारी अशोक बीशू ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर 15 अक्टूबर को थाना अधिकारी मय टीम द्वारा खींवसर क्षेत्र के डेहरू सरहद के हिस्ट्रीशीटर अपराधी दिनेश उर्फ दिना राम पुत्र मदन राम जाति जाट उम्र 45 वर्ष निवासी बांवला नाडा डेहरू पुलिस थाना खींवसर को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के रहवासी मकान के आगे बने छप्पर से 32.965 किलो अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।पुलिस की टीम में थाना अधिकारी अशोक बिशू, सुरेश, प्रकाश, सुधीर, बलदेव राम, तेजाराम, बलदेव राम सहित शामिल रहे।

# राज्य खेलों में नागौर ने की जीत से शुरुआत

हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागोर डेली न्यूज़ ) :** बजट घोषणा की अनुपालना में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल के अंतिम एवं चतुर्थ चरण की प्रतियोगिता सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित हो रही है। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजूराम खदाव ने बताया कि रविवार को कबड्डी मैच नागौर जिले की नागड़ी बालिका टीम व सवाई माधोपुर टीम के बीच खेला गया। इसमें बालिका वर्ग टीम ने सवाई माधोपुर टीम को हराया। वहीं नागौर जिले की बिरलोका टीम व अलवर टीम के बीच वॉलीबॉल मैच खेला गया। जिसमें बिरलोका टीम ने जीत दर्ज की है। इस टीम में कोच नागड़ी से अचलाराम सारण व बिरलोका से ओमप्रकाश रहे। खींवसर ब्लांक टीम का शानदार प्रदर्शन रहा।

# बेटी के जन्म पर परिवारजन के साथ मनाई खुशियां

## बेटी को परणाओ-बहू को पढ़ाओ-श्याम सुन्दर मंत्री





### बेटी के संरक्षण की अनोखी पहल

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति भारत के राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 7-8-9 अक्टूबर जोधपुर में लिए गए निर्णय अनुसार रविवार को कुचामन इकाई द्वारा समिति के राष्ट्रीय महामंत्री के नेतृत्व मे बेटी जन्म पर उनके घर जाकर समिति के साधकों द्वारा पुष्पवर्षा कर थाली बजाकर जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देने के साथ ही परिवार जनों के साथ खुशियां मनाई। कुचामन इकाई द्वारा प्रथम कार्यक्रम समिति के राष्ट्रीय महासचिव श्यामसुंदर मंत्री के अनुज भ्राता अशोक मंत्री के पौत्री जन्म पर एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण मोर के पौत्री जन्म पर समिति के साधक दोनों कन्याओं के घर जाकर थाली बजाकर शुभकामनाएं प्रेषित कर खुशियां मनाने के साथ ही दोनों कन्याओं को एक-एक चांदी का सिक्का भी समिति के द्वारा भेंट किया। समिति द्वारा परिवारजन को संदेश दिया कि बेटा बेटी एक समान है। इकाई अध्यक्ष श्याम सुन्दर सैनी ने बताया कि ब्रह्मलीन स्वामी रामसुखदास महाराज की प्रेरणा से निर्मित यह संस्था पिछले 26 वर्षों से भ्रूण हत्या रोकने के लिए, बेटी को संरक्षण एवं सनातन संस्कृति की रक्षार्थ जन जागरण के कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि मंत्री परिवार में तो 31 वर्ष बाद कन्या का जन्म हुआ है वहीं मोर परिवार में प्रथम पौत्री का जन्म हुआ है। राष्ट्रीय अधिवेशन जोधपुर में कन्या जन्म पर खुशियाँ मनाने व राष्ट्रीय महासचिव के सुझाव 'बेटी को परणाओ-बहू को पढ़ाओ' को सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव श्यामसुंदर मंत्री, ईकाई अध्यक्ष श्यामसुंदर सैनी, निवर्तमान अध्यक्ष संतोष पहाड़िया, उपाध्यक्ष मुरलीधर गोयल, सहसचिव अनन्त तिवारी, नन्द किशोर बिड़ला, सत्यनारायण मोर, अध्यापक सत्यप्रकाश शर्मा, राजुराम नेहरा, जितेन्द्र सिंह राजपुरोहित व गिरधारी दिक्षित के साथ ही मंत्री व मोर परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# दीप हैंडलूम की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

## भामाशाह इंसाफ मोयल व पूर्व पार्षद दशरथ सारस्वत का एक साथ मनाया गया जन्मदिवस

### हिंदू मुस्लिम भाईचारा एकता की पेश की गई अनूठी मिसाल

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता शहर में हिंदू मुस्लिम भाईचारा एकता की मिसाल आज देखने को मिली। यह मौका दीप हैंडलूम की वर्षगांठ के कार्यक्रम का था। इस मौके पर भामाशाह इंसाफ मोयल ,पूर्व पार्षद दशरथ सारस्वत, एडवोकेट सौरभ शर्मा का जन्म दिवस एक साथ केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर राज्य स्तरीय जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के सदस्य जगदीश नारायण शर्मा, पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, नगरपालिका के चेयरमैन गौतम टाक,ने कहा की भामाशाह इंसाफ मोयल व पूर्व पार्षद दशरथ सारस्वत का एक साथ मनाया कर हिंदू मुस्लिम भाईचारा एकता की अनूठी मिसाल पेश की गई। इस अवसर पर, पूर्व चेयरमैन रुस्तम अली प्रिंस, पूर्व उपाध्यक्ष रामसुख मुंशी, थाना इंचार्ज रोशन लाल सामरिया, नगर पार्षद मच्छराज सिखवाल, पार्षद अमजद खान, गोपाल हटीला, पार्षद प्रतिनिधि मोहनलाल भाटी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर सोमानी, मौलाना मोइन, सीताराम खींची, दौलत राम गोदारा, बक्षु खान चांद मोहम्मद घोसी, नवल शर्मा, एडवोकेट रुस्तम बेहलीम, पेंशनर समाज के अध्यक्ष मोहनलाल जाखड़, अनिल सारस्वत, शौकत भाटी, पार्षद जुबेर उस्मानी, चारभुजा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अमित सोनगरा, गणपत भट्ट, हरी प्रसाद डीडवानिया, विकास शर्मा, केश कला बोर्ड के प्रदेश समिति सदस्य माणक सेन, किसान नेता रवि कमेडिया, राजेश चौहान, विकास शर्मा, अयूब खान, परवेज खान, विकास अजमेरा, सुखाराम बायड़, महेंद्र चौधरी, हेमाराम बेड़ा, जवरी खान, चेनाराम कलवानिया, एडवोकेट गुरु विक्रम शर्मा, लाला राम नायक, एडवोकेट अभिमन्यु शर्मा, राधेश्याम शर्मा, भारत होजरी, कैलाश अबोटी, आदि उपस्थित रहे।

# रॉयल सैनिक स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

सुनील सोनी



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** दुनिया मे कोई कार्य असम्भव नही है। मानव यदि मन मे ठान ले तो दुनिया के असम्भव कार्य को भी सम्भव बना देता है। यह बात रॉयल सैनिक स्कूल के वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जालौर एडीम राजेन्द्र सिंह चांदावत ने कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को लक्ष्य प्राप्ति के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। नियमित प्रयास के माध्यम से ही किसी कार्य मे पारंगत बन सकते है और इसी से सफलता प्राप्त होती है। रॉयल सैनिक स्कूल के निदेशक दृगपाल सिंह रलावता ने बताया कि रॉयल सैनिक स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शनिवार रात्रि विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला व सेशन न्यायाधीश रेखा राठौड़ थी वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जालोर एडीएम राजेन्द्रसिंह चांदावत ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला व सेशन न्यायाधीश रेखा राठौड़ ने कहा कि आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है। जीवन की विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपना आत्मविश्वास नही खोना चाहिए। निराशा, दु:ख जैसी कठिनाइयों को जीवन मे आने से रोकने के लिए खुद का आत्मविश्वास बनाये रखना अतिआवश्यक होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग के पूर्व उपनिदेशक सुरेश व्यास ने विद्यार्थियों को बुराइयों से दूर रहते हुए अपने लक्ष्य को निगाहों में रखने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं सरस्वती वंदना राजेन्द्र वैष्णव ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति तरानों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के दैनिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, सैनिक जीवन सहित राजस्थानी व पंजाबी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतिया दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रॉयल अकेडमी के माध्यम से पिछले वर्षों में विभिन्न सेवाओ में चयनित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा आंखों पर पट्टी बांध कर निशाना लगाने की प्रस्तुति दी गई जिसे उपस्थित सभी दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रराज सिंह, निदेशिका सोनिया राठौड़ ने उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया। उपप्रधानाचार्य ई.राजेश ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी।

# दीपावली पर्व को लेकर सीएलजी मीटिंग आयोजित

## बैठक में उठा पीएचसी में डॉक्टर लगाने का मुद्दा

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड कस्बे में दीपावली के पर्व लेकर रविवार सुबह 10 बजे सीएलजी समिति की एक बैठक पुलिसथाना परिसर में मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में दीपावली के त्यौहार को आपस में मिलजुल कर सौहार्द पूर्ण रूप से मनाने की अपील की। बैठक में थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने क्षेत्र में किसी भी प्रकार से आपसी सौहार्द को खराब करने वाले समाज कंटकों की सूचना प्रशासन को तत्काल देकर शहर का आपसी प्रेम व भाईचारा बनाये रखने की अपील की। इस दौरान मेड़ता रोड गौशाला सचिव आनंद सिंह चांदावत ने शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रही नशाखोरी को रोकने की अपील थाना अधिकारी से की। बैठक के दौरान कस्बे के पीएचसी में डॉक्टर नहीं होने का मुद्दा भी छाया रहा। इसको लेकर समाजसेवी रामनिवास लटियाल नागौर सीएमएचओ से फोन पर बात की जिस पर नागौर सीएमएचओ ने सोमवार को पीएचसी में डॉक्टर लगाने का आश्वासन दिया।

**ये रहे मौजूद :** बैठक के दौरान मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह शेखावत, भाजपा नेता समाजसेवी कैलाश लटियाल, जिला सचिव आनंद सिंह चंदावत, समाजसेवी रामनिवास लटियाल, मेड़ता रोड सरपंच प्रतिनिधि मेघराज झोटवाल, मेड़ता रोड उपसरपंच मनीष शर्मा, कैलाश शर्मा, विक्रम सांगवा, चिरागउद्दीन पिंजारा, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक जान मोहम्मद पठान, लूमनाथ सपेरा, मनोहर भाटी तथा गफूर कुरैशी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com